www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,25 मार्च 2026

## सुविचार



महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हर बच्चे को सिखाया जाए, बल्कि हर बच्चे को सीखने की इच्छा दी जानी चाहिए। - जॉन लब्बॉक

## बरेली के प्रमुख समाचार


- प्यार में पंगा : सीबीगंज में खूनी संघर्ष, जमकर पथराव-II
- बधिर एथलेटिक्स में बरेली के खिलाड़ियों का जलवा-III
- पोस्टरों के जरिये दिया टीबी से बचाव का संदेश-IV


## सिटी ब्रीफ

### अभियान : 1993 वाहनों के चालान 27 वाहन सीज

**बरेली, अमृत विचार :** यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ एसएसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 1993 वाहनों के चालान करके 27 वाहनों को सीज किया जा चुका है। बुधवार को भी अभियान जारी रहेगा। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर जिले के सभी थानों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने 146 स्थानों पर चेकिंग कर 4140 दो पाहिया वाहनों की जांच की। 56 बाइकों में मॉडीफाइड साइलेंसर लगा मिलने पर कार्रवाई की गई। 1993 वाहनों के चालान किए गए। 27 वाहनों को सीज किया गया है। मॉडीफाइड साइलेंसर लगाने और बेचने वाली 246 दुकानों को चेक किया गया। 15 मॉडीफाइड साइलेंसर बरामद करके 11 लोगों पर कार्रवाई की गई। अफसरों का कहना है कि वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अग्निवीर भर्ती रैली में 7650 से अधिक अभ्यर्थी शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** 13 दिनों तक चली अग्निवीर भर्ती रैली 23 मार्च को संपन्न हो गई। रैली में बरेली क्षेत्र के 12 जिलों हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराईच, बलरामपुर, बदायूं, फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, शाहजहांपुर और श्रावस्ती से आए 7650 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। चार हजार उम्मीदवार सफल रहे। इस भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लीपीक, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेट्समेन के पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया। मुख्यालय उत्तर भारत और भर्ती निर्देशालय कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ सेना अधिकारियों ने पूरी भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की। स्थानीय सेना प्राधिकरण और बरेली नागरिक प्रशासन ने सहयोग किया।

### शहर में आज

- भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा पर लोन मेला का आयोजन सुबह 11 :30 बजे।
- विराट हिंदू बाल सम्मेलन बदायूं रोड स्थित कुंवर रिसार्ट में सुबह 9 बजे।

## आस्था का संगम



नवरात्र पर कालीबाड़ी स्थित मां कालीदेवी मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। इस दौरान भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिला। ● अमृत विचार

## श्यामगंज चौराहे पर 'मुश्किलों का ढेर'

- सीवर लाइन जुड़ने के बाद भी बाद मिट्टी का ढेर नहीं हटाया
- सड़क पर रखे गर्डर और धूल बन रही मुसीबत, लगा रहा जाम

कार्यालय, संवाददाता, बरेली



श्यामगंज चौराहे पर मिट्टी के ढेर के कारण आवाजाही में हो रही दिक्कत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्यामगंज चौराहे पर सीवर लाइन जोड़ने का कार्य तीन दिन पहले ही कागजों में पूरा हो चुका है, लेकिन मलबे और मिट्टी के ढेर राह में मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। धूल और आए दिन लगने वाला जाम वाहन चालकों और राहगीरों को परेशान कर रहा है।

दरअसल, जल निगम की सुस्ती के कारण सेंट्रल सिटी जोन में पिछले सात महीनों से ट्रंक सीवर का काम लटका हुआ था। श्यामगंज से चौपुला के बीच महज 50 मीटर पाइप डालना छोड़ दिया गया था, जिसकी वजह से करीब ढाई हजार घरों की जल निकासी ठप थी। बाद में यह जिम्मा नगर निगम के जलकल विभाग को मिला, जिसने दो हफ्ते पहले चौराहे के बीचो-बीच खोदाई शुरू की। अब पाइप तो डल गए, लेकिन गड्ढों को भरकर सड़क को समतल करना शायद अफसरों के एजेंडे में ही नहीं है। बीच सड़क पर पड़ी मिट्टी और उड़ती धूल से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। आए दिन जाम लग रहा है। सड़क पर रखे गर्डर हादसे का सबब बन सकते हैं।

# कोहाड़ापीर-सूद धर्मकांटा रोड विवाद निपटा, मान गए व्यापारी

## नगर निगम व दुकानदारों में बनी बनी सहमति, सीएम ग्रिड योजना से चमकेगी सड़क, 80 दुकानों का था विवाद, चला बैठकों का दौर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



व्यापारियों के साथ बैठक करते नगर निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा मार्ग पर नगर निगम और व्यापारियों के बीच चल रही मंगलवार को आपसी सहमति के बाद खत्म हो गई। भारत सेवा ट्रस्ट कार्यालय में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय की मौजूदगी में हुई मैराथन बैठक में व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने पर अपनी मुहर लगा दी। प्रशासन ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए एलसीडी पर व्यापारियों को सड़क चौड़ीकरण और सीएम ग्रिड योजना का पूरा खाका दिखाया। यह प्रयास रंग लाया और 80 दुकानदारों संशय दूर हो गया। जिसके बाद व्यापारियों ने स्वेच्छा से सड़क की जद में आने वाले हिस्सों को खाली करने पर सहमति जता दी।

बैठक में व्यापारियों ने दशकों पुराने प्रतिष्ठानों और अपनी निजी भूमि को लेकर चिंताएं भी जताईं। अपर नगर आयुक्त ने इसे लेकर स्पष्ट किया कि सीएम ग्रिड योजना मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। शहर के विकास के लिए सड़क चौड़ीकरण जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों को यह भरोसा भी दिलाया कि कोई भी कार्रवाई भेदभावपूर्ण नहीं होगी। बताया कि वर्ष 1920-21 के पुराने राजस्व नक्शे को ही आधार माना जाएगा और उसी के अनुरूप सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटेगा। व्यापारी अनिल अग्रवाल, मनोज अरोरा, लविश, सुमित आदि ने मांग रखी कि कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। ध्वस्तीकरण से पहले स्थानीय पार्षदों व व्यापारियों को विश्वास में जरूर लिया जाए। इससे पहले डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर सोमवार को मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में प्रारंभिक बैठक की गई थी, जिसमें एक-एक दुकानदार और पार्षद के सुझावों को सुना गया था। मंगलवार की वार्ता में सिटी मजिस्ट्रेट के साथ पर्यावरण अभियंता और निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर भी मौजूद रहे, जिन्होंने तकनीकी पहलुओं पर व्यापारियों की आपत्तियों का निस्तारण किया। प्रशासन ने तय किया है कि मानचित्र के अनुसार दो से तीन स्थानों पर फिर से नपाई की जाएगी ताकि किसी भी निजी संपत्ति को नुकसान न पहुंचे। अफसरों का कहना है कि व्यापारियों की सहमति के बाद कोहाड़ापीर से कुदेशिया और प्रेमनगर धर्मकांटा तक जल्द ही निर्माण कार्य की गूंज सुनाई देगी।

**पार्षदों ने फुटपाथ की उपयोगिता पर उठाए सवाल :** बैठक में पार्षदों ने जनहित और मानवीय पहलुओं से जुड़े सुझाव दिए। पार्षद अब्दुल कयूम मुन्ना ने सड़क चौड़ीकरण के साथ बनने वाले फुटपाथों की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए चिंता जताई कि ये राहगीरों के बजाय दुकानदारों के अतिक्रमण की भेंट चढ़ सकते हैं। उन्होंने दशकों से व्यापार कर रहे दुकानदारों के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मामूली अतिक्रमण (एक-दो फीट) को नजरअंदाज करने का प्रस्ताव भी रखा। वहीं, पार्षद शालिनी जौहरी ने पूरी कार्रवाई के दौरान स्थानीय पार्षदों और व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को विश्वास में लेने पर जोर दिया, जिसे अधिकारियों ने स्वीकार करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया का आश्वासन दिया।

### खलीलपुर में 300 मकानों की दोबारा पैमाइश, रामपुर रोड पर भी हटाया जाएगा अतिक्रमण






नगर निगम की टीम के पहुंचने पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**बरेली/सीबीगंज,अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने सीबीगंज के खलीलपुर रोड पर स्थित 300 मकानों की दोबारा जांच और नापजोख शुरू कर इलाके में हड़कंप मचा दिया है। इन मकानों पर पूर्व में सरकारी जमीन की पैमाइश कर लाल निशान लगाए गए थे और नोटिस भी जारी हुए थे, लेकिन अतिक्रमण न हटने के कारण निगम की टीम मंगलवार को फिर फीता और सरकारी दस्तावेज लेकर मौके पर पहुंची। टीम ने एक-एक कर मकानों के कागजातों की बारीकी से जांच की और फिर से नापजोख की प्रक्रिया पूरी की। इस सघन जांच के बाद तैयार की जा रही विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही नगर आयुक्त को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर इन 300 निर्माणों के भविष्य पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, रामपुर रोड के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए निगम ने सात दिन का अल्टीमेटम जारी कर दिया है। संपत्ति अधिकारी आयुष गुप्ता ने गाटा संख्या 128 पर सरकारी जमीन दबाए बैठे अमित, सौरभ और गौरव गुप्ता को अंतिम नोटिस थमाया है। राजस्व भूचित्र के अनुसार, 55 मीटर चौड़ी सरकारी रोड पर कहीं टीन शेड तो कहीं लोहे का जीना बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। बताया जाता है कि पूर्व में नोटिस के बावजूद केवल अस्थायी हिस्से हटाकर औपचारिकता पूरी की गई थी, लेकिन अब तीन मीटर से अधिक के पक्के अतिक्रमण को सात दिन के भीतर स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, कार्रवाई के दायरे में सीबीगंज इंटर कॉलेज समेत अन्य बड़े अतिक्रमणकारी भी शामिल हैं, जिन्हें स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में कब्जा नहीं हटा, तो निगम की टीम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करेगी। निगम प्रशासन के स्पष्ट कर दिया है कि रामपुर रोड को चौड़ा करने के मार्ग में अब किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खलीलपुर से लेकर रामपुर रोड तक मची इस प्रशासनिक हलचल से अवैध कब्जाधारकों में डर का माहौल है और सभी की नजरें अब नगर आयुक्त को मिलने वाली रिपोर्ट और सात दिन की समयसीमा पर टिकी हैं।

## निगम में जनसुनवाई साहब आए नहीं, हाथ सिर्फ मायूसी आई





सुनवाई के दौरान दफ्तर में खाली पड़ीं कुर्सियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपर नगर आयुक्त समेत कई अफसर रहे नदारद
- शिकायतें लेकर इधर उधर भटकते रहे फरियादी

**अमृत विचार :** नगर निगम में जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 'संभव'जनसुनवाई औपचारिक बनती जा रही है। मंगलवार को जनसुनवाई में सात शिकायतें आईं, लेकिन जब पीड़ित फरियाद लेकर निगम पहुंचे तो वहां अपर नगर आयुक्त समेत तमाम आला अधिकारी नदारद दिखे, कुर्सियां खाली थीं। पूरे कार्यालय में केवल एक महिला अभियंता ही 'जनसुनवाई' की रस्म अदायगी करती दिखीं।

शहर में टैक्स, निर्माण समेत अन्य विभागों से जुड़े समस्याएं लेकर दूर-दराज के वार्डों से किराया खर्च कर पहुंचे फरियादी घंटों चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें सांत्वना देने वाला भी कोई नहीं मिला। सीवर, सफाई और टूटी सड़कों जैसी मूलभूत समस्याओं की फाइलें दबाए बुजुर्ग और महिलाएं उम्मीद भरी नजरों से उन खाली कुर्सियों को निहारते रहे। खलीलपुर निवासी पंकज कुमार अग्रवाल और जगतपुर के राजीव कुमार शर्मा नामांतरण के लिए परेशान दिखे तो रोहिली टोला की मंगला वर्मा भी इसी काम के लिए चक्कर लगाती रहीं। तिलक कॉलोनी के मुनेन्द्र कुमार पानी का टैंक बनवाने, सनसिटी विस्तार के अभिषेक सक्सेना नाली निकासी और साहूकारा के ओमपाल सिंह बिल संशोधन की गुहार लेकर पहुंचे, लेकिन उन्हें सुनने वाले संबंधित विभाग का कोई अधिकारी मौजूद न था। ख्वाजा कुतुब के अनिल शर्मा लाइट की समस्या और सिकलापुर के जय प्रकाश राजपूत भी अवैध अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराने आए थे।

**घरों के आगे जमा गंदा पानी**

संभव जनसुनवाई में वार्ड 10, बिहार कलां के लोगों ने नाली और जल निकासी की समस्या को लेकर महापौर को संबोधित शिकायती पत्र दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में नालियों की व्यवस्था न होने से घरों के सामने गंदा पानी जमा हो रहा है।

## निगम में आज पेश होगा बजट, सड़कों पर रहेगा फोकस

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक बुधवार होगी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक हजार करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट पेश किया जाएगा।

महापौर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए सबसे बड़ा हिस्सा सड़कों पर खर्च करने का प्रस्ताव है। नई सड़कों और रखरखाव के लिए 140 करोड़ और मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत आधुनिक सड़कों के लिए 70 करोड़ का विशेष प्रावधान किया गया है। सीवर सुधार पर 25 करोड़, पेयजल के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित करने का अनुमान है।

## माइनस बिल से बत्ती गुल, टेंशन फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- साधारण मीटर का बिल स्मार्ट मीटर में जोड़ा, लोग परेशान
- नियमित बिल के साथ माइनस बिल का भी 25 प्रतिशत जमा करना पड़ रहा



**अमृत विचार :** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए लगाए गए स्मार्ट मीटर अब मुसीबत बनने लगे हैं। साधारण मीटर का बिल स्मार्ट प्रीपेड मीटर में जुड़ने के बाद उपभोक्ताओं का बिल माइनस होने से बिजली आटोमेटिक कट जा रही है। उन्हें बिजली आपूर्ति शुरू कराने के लिए हर माह के नियमित बिल के साथ पिछले बकाए का भी 25 प्रतिशत जमा करना पड़ रहा है।

13 मार्च से शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदल दिया गया। वहीं 47 हजार उपभोक्ताओं के साधारण मीटर का भी 13 करोड़ रुपये का बकाया बिल प्रीपेड मीटर में जोड़ दिया गया। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का बिल माइनस होने से उनकी बिजली गुल हो गई। उपभोक्ताओं का नियमित बिल जमा होने के बाद भी बिजली आपूर्ति नहीं शुरू हो रही। अब महीने के नियमित बिल के अलावा साधारण मीटर का जो भी बिल माइनस हुआ उसका 25 प्रतिशत जमा करने के बाद ही बिजली आपूर्ति शुरू हो रही है। एसडीओ रोहित कुमार ने बताया कि 13 मार्च से स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बिल माइनस होने के बाद बिजली ऑटोमेटिक कटने के बाद 4 करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि साधारण मीटर का बकाया 13 करोड़ रुपये अब 9 करोड़ रुपये रह गया है। उन्होंने कहा कि बिल माइनस में होने के बाद लखनऊ मुख्यालय की तरफ से ही बिजली खुद कट जा रही है। हालंकि उपभोक्ताओं को राहत देते हुए अवकाश के दिन बिजली नहीं काटी जा रही है। रामपुर गार्डन स्थित बिजली कार्यालय में हर रोज बिजली आपूर्ति शुरू कराने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंच रहे है।

## लालकुआं-कोलकाता ट्रेन का संचालन 2 अप्रैल से

- ट्रेन के बढ़ाए फेरे, कोलकाता आना-जाना होगा आसान

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 2 अप्रैल से 25 जून तक किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को कोलकाता से 4 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों के साथ चलाई जाएगी।

इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 05060 लालकुआं-कोलकाता ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक गुरुवार को लालकुआं से 13.35 बजे चलकर किच्छा से 13.57, भोजीपुरा से 15.10, पीलीभीत से 16.00, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.55, गोरखपुर चलकर कोलकाता 23.55 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05059 कोलकाता-लालकुआं साप्ताहिक विशेष गाड़ी 4 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को कोलकता से 05.00 बजे चलकर नैहाटी 05.50 बजे, दूसरे दिन पडरौना 00.32 बजे, पूरनपुर से 10.54, पीलीभीत से 12.00, भोजीपुरा से 13.45, किच्छा से 14.35 बजे छूटकर लालकुआं 15.45 बजे पहुंचेगी।

**मुसीबत** नाली निर्माण अधूरा रहा तो सड़क पर होगा जलभराव, पांच करोड़ रुपये से बन रही सड़क हो जाएगी बर्बाद

# सिटी स्टेशन : रेलवे का 20 मीटर सड़क पर 'रेड सिग्नल'

- विभाग का दावा- 90 फीसदी का काम पूरा, अड़ंगे से फंसा काम
- एक्सईएन बोले-रेलवे ने खुद छुड़वाई थी जगह, अब नहीं दे रहा अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सिटी स्टेशन रोड पर सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ा गया। ● अमृत विचार



सिटी श्मशान भूमि पर अंडरपास का चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले चौपुला-किला मार्ग की 1200 मीटर सड़क का निर्माण 90 फीसदी पूरा हो चुका है, मगर सिटी स्टेशन के पास महज 20 मीटर के एक टुकड़े पर रेलवे ने 'अड़ंगा' लगा दिया है। दरअसल, जनवरी में काम शुरू होने पर रेलवे ने अंडरपास निर्माण के वाहनों का हवाला देकर यह हिस्सा छुड़वा दिया था। लोक निर्माण के विभाग के अफसरों के अनुसार वादा किया था कि बाकी सड़क बनते ही अनुमति दे दी जाएगी। अब रेलवे वादे से मुकर गया है। इस 'रेड सिग्नल' से न केवल वाहनों की रफ्तार रुकी है, बल्कि करोड़ों के इस प्रोजेक्ट के भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

पीडब्ल्यूडी की ओर से यह सड़क 30 इंच मोटी सीसी लेयर और आधुनिक पेवर तकनीक से बनाई जा रही है। एएम बिल्डर्स को इसके निर्माण की जिम्मेदारी है, लेकिन रेलवे की जिद ने निर्माण कार्य को लटका दिया है। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि 20 मीटर का यह पेच नहीं सुलझा और नाली का निर्माण अधूरा रहा, तो मानसून में होने वाला जलभराव इस नई सड़क की नींव को खोखला कर देगा। रेलवे साइड में ड्रेनेज न होने के कारण बरसाती पानी सीधे सड़क के नीचे जमा होगा, जिससे पांच करोड़ की लागत से बना यह रोड चंद महीनों में तालाब में तब्दील हो सकता है।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि उनकी टीम ने जलभराव के स्थायी समाधान के लिए जो खाका खींचा था, उसे रेलवे की जिद ने अधर में लटका दिया है। साफ कहा कि अंडरपास के वाहनों का बहाना बनाकर विकास कार्य को रोकना समझ से परे है, जबकि विभाग अपना काम रिकॉर्ड समय में पूरा करने के करीब है। फिलहाल, जो टुकड़ा छोड़ा गया था, वहां पर निर्माण कार्य अटका हुआ है।

# प्यार में पंगा : सीबीगंज में खूनी संघर्ष, जमकर पथराव

## शादी की जिद पर अड़ी युवती प्रेमी के घर पहुंची, युवक-युवती पक्ष में चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल पहुंचे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** थाना सीबीगंज क्षेत्र के सरनिया गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर दो गुटों के बीच जमकर संघर्ष हो गया। निकाह की जिद पर अड़ी युवती प्रेमी के घर जा पहुंची तो एक ही समुदाय के दोनों पक्ष आपस में भिड़। मारपीट और पथराव में कई लोग घायल हो गए। जब तक पुलिस पहुंची, लोग गायब हो चुके थे।कुछ घायल बाद में जिला अस्पताल भी पहुंचे, हालांकि रात तक किसी भी ने कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत नहीं की।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सरनिया गांव के एक युवक और युवती के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका पता युवक-युवती दोनों पक्षों के लोगों का था, लेकिन शादी को लेकर बात नहीं पा रही थी। मंगलवार को हंगामा तब बरपा, जब युवती अचानक अपने यहां से निकलकर प्रेमी के घर जाकर बैठ गई। वह प्रेमी से उसी समय निकाह की जिद पर अड़ी थी। जैसे ही इसका पता युवती के घरवालों को लगा तो वे सभी युवक के यहां पहुंच गए।


सरनिया गांव में पथराव का वीडियो वायरल। ● अमृत विचार



दोनों पक्षों में आमना-सामना होते ही मामला तूल पकड़ गया। कहासुनी और हाथापाई बाद गांव की गलियां लड़ाई का मैदान बन गईं। मारपीट और पथराव शुरू हो गया। कई लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब संघर्ष में शामिल इधर-उधर खिसक चुके थे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। इस बीच मारपीट और पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल होने लगा। थाना प्रभारी ने बताया कि संघर्ष की सूचना पर वह तुरंत गांव पहुंचे थे। किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने में शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति है।

### पड़ोस की लड़की से प्यार में हुआ बखेड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** सरनिया गांव में जिस प्रेमी-प्रेमिका को लेकर बखेड़ा हुआ, वे एक दूसरे के पड़ोस हैं और घर आमने-सामने हैं। प्यारी की कहानी काफी समय से चल रही थी। दोनों एक समुदाय के होने के साथ एक बिरादरी के भी हैं मगर रिश्ते पर सहमति नहीं बन पा रही थी। ऐसे जब लड़की प्रेमी के यहां पहुंची तो बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ही पक्षों ने ईंट-पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। जो सामने आया, उसी को कूटा-पीटा गया। गांव में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

## सिटी ब्रीफ

### चौकी इंचार्ज पर खनन कराने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में कथित रूप से से चौकी इंचार्ज पर पैसे लेकर खनन कराने का आरोप लगा है। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। रोठा गांव के वेदप्रकाश ने शिकायत में कहा कि पुलिस संरक्षण में में अवैध खनन का खेल चल रहा है। चौकी इंचार्ज चौकी के साथ दो सिपाही भी इस खेल में शामिल है। पैसे नहीं देने पर दरोगा ने उसके चार खनन के ट्रैक्टर पकड़ लिए। अन्य लोगों के ट्रैक्टर तो छोड़ दिए, जबकि उसके टैक्टर सीज कर दिए। उसने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के उमंग पार्ट 2 महानगर निवासी जाग्रत सिंह ने बताया कि वह सोमवार सुबह 6 बजे स्टेडियम में फुटबाल खेलने दोस्त वैभव के साथ गए थे। आरोप है कि वहां फुटबाल खेलने आए तेग सिंह से किसी बात पर कहासुनी हो गई। उसने अपने साथी अंकुर, अंशुल और अन्य लोगों को बुला लिया। इन लोगों ने हमला कर दिया। जिससे उनका सिर फट गया। बारादरी पुलिस ने तेग सिंह, अंकुर, अंशुल और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चेकिंग में युवक को तमंचे सहित पकड़ा

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को एक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस पूछतांछ में उसने अपना नाम अकरम पुत्र न्यामतुल्ला कुरैश नगर कस्बा नवाबगंज बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आज उसे जेल भेज दिया।

### हाफिजगंज में युवक से तमंचा बरामद

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** सूचना पर हाफिजगंज पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद इस्लाम पुत्र ताजू, निवासी गांव लभेड़ा, कोतवाली हाफिजगंज बताया है।

### दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर की जमानत मंजूर

**बरेली, अमृत विचार:** जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी इंदु सिंह और उनके पति रनधीश कुमार सिंह की जमानत अर्जी सशर्त मंजूर कर ली है। इन पर अपनी बहू की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नंदकिशोर भगत ने तर्क दिया कि बहू ने आत्महत्या की थी और सास-ससुर निर्दोष हैं।

गौरतलब है कि मृतका के पिता ने आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। 17 सितंबर 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस ने रेलकर्मी पति, ननद और सास-ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मृतका ने मरने से पहले फेसबुक पर भी अपनी पीड़ा बयां की थी।

# भोजीपुरा में पशु तस्कर शकील मूंछ सलीम कालिया का एनकाउंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गोकशी की घटनाएं और हिन्दू संगठनों में नाराजगी के बीच बरेली पुलिस आक्रामक होकर अपराधियों की खबर लेती नजर आ रही है। इज्जतनगर में मुठभेड़ के अगले ही थाना भोजीपुरा पुलिस ने भी पशु तस्करों की घेराबंदी कर ली। फायरिंग में गौतस्कर शकील मूंछ और सलीम कालिया पैर में गोली लगने के बाद पकड़े गए हैं। एक सिपाही भी जख्मी हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, थाना प्रभारी भोजीपुरा राजीव सिंह ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान अपराधियों के बारे में सूचना मिली थी। बताया गया था कि कुछ पशु तस्कर मझुआ गंगापुर के जंगल में गौकशी की फिराक में है। पता होते ही पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते हुए तस्करों ने गोलियां चलाना शुरू कर दीं। जवाबी कार्रवाई में तस्कर शकील मूंछ निवासी धौरा टांडा और सलीम उर्फ कलिया निवासी ग्राम भूड़ा गोली लगने से घायल हो गए। कुछ तस्कर मौके से भाग निकले। मुठभेड़ में सिपाही विपिन बाल-बाल बचा। गोली उसके हाथ को छूती निकल गई।


पशु तस्करों को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

- मुठभेड़ के बाद पकड़े गए दो पेशवर अपराधी, गए जेल
- दोनों के पैर में लगी गोली, एक सिपाही भी जख्मी

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए पशु तस्करों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। उनके पास से अवैध हथियार और गौकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। दोनों तस्कर कोर्ट में पेश किए, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

> थाना भोजीपुरा पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोकशी के दो आरोपी हो गए। एक सिपाही भी घायल हुआ है। पकड़े गए आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज चल रहे हैं। पुलिस बाकी अपराधियों की तलाश में जुटी है।
> -शिवम आशुतोष, सीओ हाइवे

### दरोगा पर 50 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप, कोर्ट में अर्जी

**बरेली, अमृत विचार :** देवरनिया के ग्राम सिंधौरा निवासी ब्रजकिशोर ने शीशगढ़ के एक दरोगा व एक निजी अस्पताल के डॉक्टर और चार अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। ब्रजकिशोर का आरोप है कि एक महिला ने साजिश रचकर उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था, जबकि वह मुरादाबाद में था। आरोप है कि विवेचक दरोगा ने डॉक्टर से साठगांठ कर फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार की और नाम निकालने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। विशेष न्यायाधीश ने इस मामले में देवरनिया पुलिस से रिपोर्ट तलब करते हुए सुनवाई के लिए 27 मार्च की तिथि निर्धारित की है।

# पालपुर में नमाज प्रकरण फिर गरमाया मैदान में उतरी विश्व हिंदू परिषद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कैंट क्षेत्र के पालपुर गांव में नमाज का मामला फिर गरमाता दिखाई दे रहा है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया और एसएसपी दफ्तर पहुंचकर गांव में सामूहिक रूप से हो रही नमाज पर रोक लगवाने की मांग की।

अफसरों से मिलने पहुंचे विहिप जिलाध्यक्ष संजय सिंह भदौरिया ने शिकायत में कहा है कि पालपुर में मस्जिद नहीं बनी है। आरोप है कि दूसरे समुदाय के लोगों ने 2010 में अपने घर में सामूहिक नमाज पढ़ने की कोशिश की थी। मामला तूल पकड़ने पर 17 सितंबर 2010 को कैंट थाने में कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उसके बाद 2011 में फिर से नमाज पढ़कर माहौल गरमाने की कोशिश की गई तो फिर से केस दर्ज हुआ था। विहिप नेताओं का आरोप है कि 20 मार्च को अलविदा की नमाज गांव में झोपड़ी डालकर पढ़ने का प्रयास किया गया था। इसे लेकर पुलिस से शिकायत कर नमाज पर रोक लगाने की मांग गई की थी। पुलिस ने शिकायत पर गौर नहीं किया। उल्टा पुलिस ने शिकायत करने वालों को ही धमकाया था। शिकायत में कहा गया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने गांव में जुलूस निकालकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। विहिप नेताओं ने कैंट पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर हुए सामूहिक नमाज पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में तनुज कुमार, रामाशंकर, अमन, अभिषेक, उज्जवल सिंह, हरीश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


एसएसपी दफ्तर पहुंचे विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

### अफसर पर रेप के आरोप से स्वास्थ्य विभाग में हलचल

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के एक अफसर पर कथित रूप से रेप के आरोप लगे हैं। शिकायत पुलिस की जगह प्रशासन से की गई है, जिसकी वजह से कई तरह की चर्चाएं हो रही है। मामले को लेकर महकमे में जरूर हलचल दिखाई दे रही है।

डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र भोजीपुरा क्षेत्र की युवती की ओर कहा गया है कि उसके पिता मजदूरी करते हैं। एक परिचित ठेकेदार ने उनसे कहा था कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उसके रिश्तेदार हैं। बेटी की अच्छी नौकरी लगवा देंगे। आरोप है कि युवती अफसर से मिलने गई थी। वहां एक युवक ने उसे पानी दिया, जिसके पीते ही वह बेहोश हो गई। होश आया तो कथित रूप से अफसर पास बैठे थे। उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। शिकायत पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत 18 मार्च को प्रशासन से की गई है, हालांकि शिकायती पत्र अब सामने आया है।

# बाकरगंज में चल रहा था देह व्यापार, चार गिरफ्तार


किला पुलिस की गिरफ्त में देह व्यापार के आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला पुलिस ने बाकरगंज क्षेत्र में एक महिला के घर पर हो रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। मौके से गैंग की सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

किला थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि बाकरगंज चौकी क्षेत्र में साबरी मस्जिद के पास एक महिला अपने मकान में देह व्यापार करा रही है। पुलिस ने छापा मारकर गैंग की सरगना गुड़िया, डासना निवासी एक महिला, बारादरी क्षेत्र के जोगीनवादा निवासी मोनिश और बाकरगंज निवासी चांद को गिरफ्तार किया। युवकों को व्हाट्सएप पर लड़की का फोटो दिखाकर बुलाया गया था। आरोपी महिला प्रेमी जोड़ों को कमरा और बेड के बदले 500 और 1000 रुपये घंटे के हिसाब से लेती थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

**दिल्ली-एनसीआर से बुलाई जा रहीं लड़कियां**

सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ समय में बरेली के अंदर देह व्यापारी का काला धंधा तेजी से पैर पसार रहा है। हिन्दू संगठनों ने हाल में स्पा सेंटरों में गलत गतिविधियों के आरोप लगाते हुए काफी शोर उठाया था, जिसके बाद पुलिस कई दिन चेकिंग अभियान में भी जुटी नजर आई थी।

### प्रेमनगर में फंदे से लटका मिला रेलवे कर्मी का शव

**बरेली, अमृत विचार :** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में रेलवे कर्मचारी का सब फंदे पर लटका मिला। मृतक का पत्नी से तलाक हो चुका था और मां के निधन के बाद से अवसाद में थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- पत्नी से हो चुका था तलाक, पुलिस छानबीन में जुटी

मोहल्ला चाहबाई निवासी रामगोपाल उर्फ अनिल रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। मंगलवार शाम को उनका सब घर के अंदर फंदे से लटकता दिखा तो हड़कंप मच गया। छोटे भाई कृष्ण गोपाल ने बताया कि रामगोपाल का उनकी पत्नी से काफी समय पहले ही तलाक हो चुका था।

घर पर वह अपनी मां के साथ अकेले रहते थे। एक सप्ताह पहले उनकी मां का भी निधन हो गया। इससे वह अवसाद में थे। तनाव में सुसाइड की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया है। फिलहाल, पुलिस जांच में जुट गई है।

# पुलिस से बचने को टीका लगाता था तस्कर अजीज

- रामपुर का तस्कर गिरफ्तार बाइक और स्मैक बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस से बचने के लिए रामपुर निवासी अजीजुर्रहमान उर्फ अजीज माथे पर टीका लगाकर घूमता था। बारादरी पुलिस ने उसे चोरी की बाइक व 11 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सोमवार की रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर और तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम अजीजुर्रहमान उर्फ रहमान मालिक निवासी मोरी गेट नालापार थाना शहर कोतवाली बताया। आरोपी के पास से पुलिस को एक चोरी की बाइक और 113 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक ईंट पजाया चौराहे के पास एक दुकान के बाहर से चोरी की थी। अजीजुर्रहमान ने बताया कि वह रामपुर का रहने वाला है। पहले वह रामपुर में ही चोरी करता था। कई बार पकड़े जाने के बाद वह जेल भी गया था। जेल से बाहर आने के बाद आसपास के जिलों में वाहन चोरी करके नेपाल ले जाकर बेच देता था। नेपाल में मांग अच्छी होने के चलते वह रामपुर से मादक पदार्थ खरीदकर नेपाल में बेचता था। पहचान छुपाने के लिए माथे पर टीका लगाता था। आरोपी के खिलाफ रामपुर समेत कई जिलों में 23 मुकदमे दर्ज हैं।


आरोपी अजीजुर्रहमान।

# बोगस फर्म के जरिए लगा दी एक करोड़ की चपत

- राज्यकर अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- फर्म संचालिका पर लगाए गए हैं गंभीर आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** राज्यकर विभाग बोगस कंपनियों पर तेजी से शिकंजा कसता नजर आ रहा है। सुभाषनगर क्षेत्र में चल रही फर्जी फर्म का खुलासा करने के बाद संचालिका महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

राज्यकर अधिकारी खंड- 1 शेषनाथ रावत ने सुभाषनगर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि राज्य क्षेत्राधिकारी में पंजीकृत फर्म एमएस आरएन ट्रेडर्स पता बदायूं रोड सुभाषनगर ने पंजीयान प्राप्त करके सर्कुलर ट्रेडिंग एवं बिना माल के वास्तविक सप्लाई किए रुपये एक करोड़ 35 लाख के राजस्व की क्षति किए जाने के आधार पर फर्म द्वारा बताए गए व्यापार स्थल की जांच की गई। लेकिन मौके पर कोई भी व्यापार होते नहीं मिला। उसके बाद फर्म का पंजीयन निरस्त किया गया। वही व्यापारी द्वारा दाखिल रिटर्नी व पोर्टल पर उपलब्ध विवरणों की जांच पर पाया गया कि व्यापारी ने बिना इनवर्ड स्पलाई खरीद किए ही कई फर्म को आउटवर्ड की सप्लाई की। फर्म की प्रोपराइटर रिहाना मूल रूप से उत्तराखंड की रहने वाली हैं और उन्होंने एक बोगस फर्म बनाकर सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई है। सुभाषनगर थाने में रिहाना नरवीन नाम की महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दो भाइयों की झोपड़ियों में लगी आग, सामान जला

**बरेली/बिथरी चैनपुर, अमृत विचार:** नरियावल में दो भाइयों की झोपड़ियों में किसी तरह आग लग गयी।जिससे उनमें रखा घरेलू सामान और मोटरसाइकिल जल गई।सूचना मिलने पर राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी है।

नरियावल निवासी गुलशन कुमार ने बताया वह और उनके भाई अलीहसन की झोपडी पास पास में बनी हुई थी।मंगलवार सुबह वह और उनके भाई मजदूरी करने के चले गए थे और बच्चे कहीं खेलने गए हुए थे। तभी उनकी दोनों झोपड़ियों में किसी तरह आग लग गयी।दोनों झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गईं।और उसमें खड़ी एक मोटरसाइकिल,ठेला और घरेलू सामान जल गया। दोनों भाइयों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# दो ग्राम प्रधानों को डीएम ने जारी किए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरीदपुर व भदपुरा ब्लाक से जुड़ा मामला
- मधुनगला, नगरिया विक्रम प्रधान पर आरोप

**अमृत विचार :** विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मधुनगला और फरीदपुर की ग्राम पंचायत नगरिया विक्रम के प्रधानों पर सड़क निर्माण में खेल करने और गोवंशों के रखरखाव में घोर लापरवाही के आरोप प्राथमिक जांच में सही पाए गए हैं। डीएम ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मधुनगला के प्रधान अनमोल कुमार हैं। जांच में पाया गया है कि पंचायत में वृहद गौशाला के बाहर 17 पुराने मृत गौवंश पड़े थे, जिनका नियमानुसार निस्तारण नहीं किया गया था। जगह-जगह पर गोबर, जलभराव और कीचड़ की स्थिति थी। स्पष्ट होता है कि नियमित रूप से सफाई नहीं की जा रही थी। गौशाला में संरक्षित गौवंशों की सूचना के लिए लॉगबुक पंजिका नहीं बनाई गई थी। हरा चारा, भूसा, चोकर संबंधित पंजिकाएं भी ठीक से नहीं भरी जा रही थीं। 30 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 के बीच उपचार के संबंध में कोई सूचना पंजिका पर अंकित नहीं थी।

नगरिया विक्रम के प्रधान यतेन्द्र पाल को भी नोटिस जारी हुआ है। जांच में नाली इंटरलॉकिंग कार्य में अनियमितता मिली। अनियमितता के लिए ग्राम प्रधान, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी और कन्सल्टिंग इंजीनियर को दोषी माना गया है।

### अश्लील फोटो के नाम पर ब्लैकमेल दंपती से मारपीट

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक महिला को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने का आरोप लगाकर पीड़िता के पति ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना गजरौला (जिला पीलीभीत) निवासी व्यक्ति जयपुर में ट्रक चालक है, उसका पुत्र दिल्ली में एक दुकान पर सिलाई का काम करता था। वहीं उसकी पहचान फुरकान नामक युवक से हुई थी।आरोप है कि फुरकान ने इसी परिचय का फायदा उठाते हुए पीड़ित की पत्नी को झांसे में लेकर उसका अश्लील फोटो खींच लिया। इसके बाद वह फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला से फोन पर अश्लील बातचीत करने का दबाव बनाने लगा।

## सिटी ब्रीफ

### सोने-चांदी के भाव ने बढ़ाया असमंजस

**बरेली, अमृत विचार :** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव का असर अब स्थानीय बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। सोने और चांदी के दामों में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है जिससे महंगाई बढ़ने की आशंका गहराई है। इसी कारण निवेशकों का रुझान बदल रहा है। इसका असर सोने-चांदी के बाजार पर पड़ा है। सर्राफा व्यापारी संजीव अग्रवाल का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में सोने के भाव में बहुत बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। चांदी भी इसी ट्रेंड पर चल रही है। ग्राहक असमंजस में हैं और बाजार में मांग प्रभावित हुई है। युद्ध लंबा खिंचा और तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो सोने-चांदी के भाव में अस्थिरता बनी रह सकती है। हालांकि लंबी अवधि में सोना फिर से सुरक्षित निवेश के रूप में उभर सकता है।

### गणित व विज्ञान की परीक्षा 28 को

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में वार्षिक परीक्षा को लेकर गणित, विज्ञान और सामाजिक विषयों के प्रश्नपत्र संबंधित स्कूलों में पहुंच गए हैं। पहले प्रश्नपत्र समय पर न पहुंचने के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव करना पड़ा था, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब 28 मार्च को कक्षा पांच की सामाजिक विज्ञान, कक्षा आठ की गणित व विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

### हाफिज सलीम उमराह शरीफ को रवाना

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरहरपुर मटकली से हाफिज मो0 सलीम अख्तर मंगलवार को उमराह शरीफ को रवाना हो गए। गांव के लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर,अपने लिए दुआ करने की गुजारिश कर विदा किया। गांव की जामा मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना सैफ रजा, मो0 असलम अंसारी, दिलशाद अहमद, सौवान, सैरब, तालिब टेलर, सहील अहमद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हाफिज जी को फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया।

# पत्रकारिता में सूत्र व तकनीक की अहम भूमिका

- अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार ने छात्रों को मीडिया जगत की चुनौतियों के बारे में बताया
- बरेली कॉलेज में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और तकनीकी सुधार विषय पर किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और तकनीकी सुधारों पर केंद्रित गेस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और स्त्रोत की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इसमें विद्यार्थियों को आधुनिक पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें मीडिया जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा।

सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सही और प्रमाणिक जानकारी जुटाना इसकी रीढ़ है। डिजिटल युग में तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारों को नए टूल्स और प्लेटफॉर्म्स के साथ खुद को लगातार अपडेट रखना होगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने बदलते मीडिया परिवेश को लेकर कई सवाल पूछे। उन्होंने फेक न्यूज, सोशल मीडिया के प्रभाव, डिजिटल रिपोर्टिंग और करियर संभावनाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की। पार्थो कुनार ने छात्रों को सलाह दी कि वे तथ्यों की पुष्टि, निष्पक्षता और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता दें। पत्रकारिता में सफलता के लिए जिज्ञासा, धैर्य और जिम्मेदारी बेहद जरूरी हैं।

कार्यक्रम में जीवन में आगे बढ़ने के विषय पर भी चर्चा हुई, जिसमें छात्रों को मेहनत, निरंतर सीखने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य करें आनंद के साथ करें। अंत में बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने पार्थो कुनार का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। बरेली कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के प्रभारी डॉ. रमेश त्रिपाठी, शिक्षिका चेतना तिवारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें। छात्र ब्रजेश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


छात्रों को संबोधित करते अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार। ● अमृत विचार

## सदन में सांसद नीरज मौर्य ने मांगा एम्स स्टेडियम और उद्योग

**बरेली, अमृत विचार:** आंवला सांसद नीरज मौर्य ने संसद में केंद्र सरकार के सामने मांगों की लंबी फेहरिस्त रखी। उन्होंने वित्त मंत्री से अपील की आंवला क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए एम्स की स्थापना के लिए बजट आवंटित किया जाए। युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उन्होंने स्टेडियम की मांग की। उन्होंने श्रीलंका में अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे बरेली के पैरा क्रिकेटर्स सूर्य प्रताप मिश्रा और मो. आकिब का उदाहरण दिया। सांसद मौर्य ने स्थानीय स्तर पर उद्योगों और फैक्ट्रियों की स्थापना पर जोर दिया, ताकि शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर बढ़ें। उन्होंने सांसद निधि की व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए इसे मनरेगा से जोड़ने या इसकी राशि बढ़ाने की वकालत की, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

# बरेली कॉलेज के शिक्षकों की शोध डिवाइस को मिला ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह और शिक्षक डॉ. विकास शर्मा की तकनीकी डिवाइस को यूनाइटेड किंगडम के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑफिस से डिजाइन पंजीकरण ग्रांट मिला है।

शिक्षकों ने बताया कि पॉलिसी इम्पैक्ट एंड इकोनॉमिक रिस्क असेसमेंट डिवाइस नामक यह एक विशेष इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर उपकरण है, जिसे आर्थिक और नीतिगत डेटा के विश्लेषण के लिए डिजाइन किया गया है। यह डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की मदद से विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और जनसांख्यिकीय आंकड़ों का विश्लेषण कर सकती है और यह अनुमान लगाने में सहायता कर सकती है कि किसी नई नीति, नियम या आर्थिक निर्णय का रोजगार, महंगाई, बाजार और उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। डिवाइस की एक विशेषता यह है कि इसमें नीति-परिदृश्यों का सिमुलेशन करने की क्षमता प्रस्तावित की गई है, जिससे अलग-अलग नीति विकल्पों के संभावित परिणामों को ग्राफ, डैशबोर्ड और तुलनात्मक रिपोर्ट के रूप में देखा जा सकता है।

### एआई आधारित प्रणाली विकसित करना प्रस्तावित

डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि इस डिवाइस का हार्डवेयर कॉन्सेप्ट और डिजाइन विकसित किया गया है, जिसे यूके में डिजाइन रजिस्ट्रेशन ग्रांट हुआ है। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर और एआई-आधारित आर्थिक विश्लेषण प्रणाली विकसित करने पर कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

# बधिर एथलेटिक्स में बरेली के खिलाड़ियों का जलवा

## अहमदाबाद में आयोजित चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक, बरसा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से अहमदाबाद में आयोजित 27वीं नेशनल बधिर सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप एवं 10वीं जूनियर व सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बरेली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में बरेली की रिदम शर्मा ने 400 मीटर दौड़ और 400 मीटर हर्डल में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने 400 मीटर रिले और 1600 मीटर मिक्स्ड रिले में रजत पदक जीतकर कुल चार पदक अपने नाम किए। सीनियर पुरुष वर्ग में रोहित यादव ने शॉट पुट में रजत पदक हासिल किया। विवेक राणा ने 800 मीटर में रजत, 110 मीटर हर्डल में कांस्य और 1600 मीटर मिक्स्ड रिले में रजत पदक जीता। किशन कुमार ने भी 1600 मीटर मिक्स्ड रिले में रजत पदक जीता। गुड्डू सिंह ने 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला वर्ग में कलावती ने लंबी कूद में रजत और रिले स्पर्धाओं में दो रजत पदक जीते। सुनाक्षी और रिद्धि कार्की ने 400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया। जूनियर वर्ग में राम यादव ने 200 और 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीते, जबकि मानस प्रजापति ने 800 मीटर में रजत और अजय ने जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त किया। सब-जूनियर वर्ग में सुप्रिया यादव ने 100 मीटर में रजत और लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बरेली के खिलाड़ी नेशनल कोच अजय कश्यप के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं।


विजेता खिलाड़ियों के साथ कोच अजय कश्यप। ● अमृत विचार

### बैडमिंटन में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : महानगर में बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंगलवार को खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में उमाकांत शर्मा ने प्रदीप को जबकि राहुल ने डॉ. राहुल को पराजित किया। उत्कर्ष ने भगत को हराया। महिला वर्ग में आराध्य ने ऋषिता पर जीत दर्ज की। युगल मुकाबलों में 70 प्लस वर्ग में डॉ. नरेंद्र और यश की जोड़ी ने उमाकांत और हेमंत को कड़े मुकाबले में हराया। 40 प्लस वर्ग में आशीष और अथर्व की जोड़ी ने अंश और अमन को पराजित किया। 12 से 18 वर्ग में अथर्व अग्रवाल ने भविष्य को जबकि चित्रांक ने अथर्व सांघी को मात दी। बालिका वर्ग में आन्या ने ईशा पर जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच बुधवार को खेले जाएंगे।इसके बाद नॉक आउट मुकाबलों की स्थिति साफ होगी।

### 35 क्रीड़ा छात्रावासों में प्रशिक्षक के लिए मांगे आवेदन

खेल निदेशालय की ओर से 23 मार्च को 16 खेल विधाओं के लिए 41 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में तैनात करने का निर्णय लिया गया। इन खिलाड़ियों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित 35 आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रशिक्षण के लिए जोड़ा जाएगा। खेल विभाग की ओर से जिन खेलों में प्रशिक्षकों की तैनाती की जानी है, उनमें हॉकी (पुरुष/महिला), हैंडबॉल (महिला), फुटबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष/महिला), बॉक्सिंग (पुरुष), तैराकी (पुरुष/महिला), जिम्नास्टिक (पुरुष/महिला), एथलेटिक्स (पुरुष/महिला), क्रिकेट (पुरुष), बैडमिंटन (पुरुष/महिला), टेबल टेनिस (पुरुष/महिला), बास्केटबॉल (पुरुष/महिला), कबड्डी (पुरुष/महिला), जूडो (पुरुष) और कुश्ती (पुरुष/महिला) शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इच्छुक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन 15 अप्रैल 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम में जमा कर सकते हैं।

## रमजान के बाद तरबूज-खरबूज ढीले

**बरेली, अमृत विचार :** रमजान खत्म होते ही शहर की फल मंडी का रंग-ढंग बदल गया। एक हफ्ते पहले तक ट्रकों से उतर रहे तरबूज-खरबूज की मांग अब थम गई।

फरवरी में मात्र दो ट्रक से शुरू हुई आवक रमजान तक 10 ट्रक तक पहुंचने की उम्मीद बनी थी, पर अब मंडी में खरबूजों के ढेर ग्राहकों के इंतजार में सुस्त पड़े हैं। उधर नवरात्र की शुरुआत ने फलों की मांग बढ़ा दी। व्रत-उपवास के चलते केला, सेब, पपीता और संतरे की मांग बढ़ गई। नारियल पानी की दुकानों पर भी सुबह से कतार लगने लगी। फल कारोबारी साहिल का कहना है कि केला पिछले तीन दिन में 20 फ़ीसदी तक ऊपर चढ़ा, सेब की खपत दोगुनी हो रही है। चैत्र नवरात्र भर केलों-सेब का यही रुझान बना रहेगा, जबकि तरबूज-खरबूज की कीमतें गर्मी बढ़ने तक ठहरी रह सकती हैं।

# दूध के दांत हैं भविष्य की नींव, अनदेखी पड़ सकती है भारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आज के समय में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता तो बढ़ी है, लेकिन दंत स्वास्थ्य को अब भी उतनी प्राथमिकता नहीं दी जाती। विशेष रूप से दूध के दांतों को लेकर एक आम धारणा है कि ये अस्थायी होते हैं, इसलिए इनकी देखभाल जरूरी नहीं। यही सोच आगे चलकर बच्चों के दांतों और जबड़े के विकास में गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

बरेली इंटरनेशलन यूर्निवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ साइंसेज में आयोजित कार्यक्रम में दंत विशेषज्ञों ने कहा कि दूध के दांत बच्चे के सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही तरीके से भोजन चबाने से पाचन बेहतर होता है, जिससे बच्चे के पोषण स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है वहीं दूध के दांत बच्चों की बोलने की क्षमता में भी अहम योगदान देते हैं।

जबड़े के विकास की दृष्टि से भी दूध के दांत अत्यंत आवश्यक हैं। ये दांत स्थायी दांतों के लिए प्राकृतिक "स्पेस मेंटेनर्स" का काम करते हैं, यानी वे आने वाले दांतों के लिए सही जगह बनाए रखते हैं। दूध के दांतों में सड़न आम समस्या बनती जा रही है। टॉफी, चॉकलेट, बिस्किट, पैकेट जूस और मीठे पेय पदार्थ बच्चों के दांतों को तेजी से नुकसान पहुंचाते हैं। खासकर रात में दूध या मीठा पेय पीकर बिना मुंह साफ किए सोना दांतों में सड़न को बढ़ावा देता है। अंगूठा चूसना और बोतल लेकर सोना भी दांतों और जबड़े की संरचना को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बताया कि दंत चिकित्सकों, विशेषकर बच्चों के दांतों के विशेषज्ञ, की भूमिका बेहद अहम है। हर छह महीने में नियमित दंत जांच कराने से किसी भी समस्या का प्रारंभिक अवस्था में ही उपचार संभव हो जाता है।

## देवरनियां में दो गौकशी की घटनाओं का खुलासा नहीं

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस इन दिनों सवालों और आक्रोश के घेरे में है। एक सप्ताह के अंदर गौकशी की दो बडी वारदातों का अभी तक खुलासा नही हो सका है। थाना पुलिस की तरफ से लगातार मिल रहे आशवासन से गौरक्षकों ने जल्द खुलासा न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

कोतवाली देवरनियां की रिछा पुलिस चौकी क्षेत्र में 27 फरवरी को रिछा -जहानाबाद मार्ग पर गरगय्या के पास स्थित सिंधय्या नदी पुल के पास भारी मात्रा में गौकशी के अवशेष मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। इससे पहले 18 फरवरी को भी रिछा क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज के पास गौकशी के अवशेष मिले थे। दोनों घटनाओं के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। और इसे लेकर गौरक्षक अब आक्रोशित होने लगे हैं। लगातार पुलिस की तरफ से मिल रहे आश्वासनों से ऊब चुके गौरक्षक हिंदू दल के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भास्कर ने जल्द खुल न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## सिटी डायरी



### महिलाओं ने आग और बाढ़ से निपटने की तकनीक जानी

**बरेली,अमृत विचार :** संजय कम्युनिटी हॉल में मंगलवार को 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छह तहसीलों से आई लगभग 150 महिला समूह प्रमुखों और 100 आपदा मित्रों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी आपदा के समय महिलाएं 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' (प्रथम सहायक) के रूप में समाज की सबसे बड़ी ताकत साबित हो सकती हैं, बशर्ते वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित हों। प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ मजहर रशीदी, यूनिसेफ की अंकिता और एसडीआरएफ के सिकंदर ने व्यावहारिक प्रदर्शन के जरिए आपदा से निपटने के गुर सिखाए। राजस्व, पुलिस, अग्निशमन, चिकित्सा और नागरिक सुरक्षा विभाग के सक्षम अधिकारियों ने आगजनी, बाढ़, भूकंप और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन रक्षा के महत्वपूर्ण तरीके बताए। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन पर प्रतिभागी महिलाओं और आपदा मित्रों को प्रमाण-पत्र'प्रदान किए गए। विशेषज्ञों ने प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर और बचाव उपकरणों के सही इस्तेमाल का प्रदर्शन भी किया।



### कृष्ण स्वरूप सक्सेना को मिला प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** समाज सेवा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सेवक समाज के जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप सक्सेना को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें एक लाख रुपये नकद, स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के बाद बरेली में उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सोमवार को स्वागत समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री के प्रतिनिधि अनिल कुमार एडवोकेट, महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### यूपी डिजाइनर फैशन वीक पर फ्यूचर यूनिवर्सिटी में बिखरा ग्लैमर

**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में मंगलवार को यूपी डिजाइनर फैशन वीक और इंडिया इंटरनेशनल ग्लैम एंड ग्लैमरस पेजेंट में उभरती हुई प्रतिभाओं ने रैंप पर जलवा बिखेरा। मुख्य अतिथि मिस यूनिवर्स इंडिया मनिका विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास ही वे चाबियां हैं, जो सफलता के द्वार खोलती हैं। अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें और बड़े सपने देखने से कभी न डरें। छात्रों को उन्होंने शिक्षा, आत्मविश्वास और समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। एसवी प्रोडक्शन हाउस के सहयोग से आयोजित यूपी डिजाइनर फैशन वीक में विभिन्न डिजाइनरों ने बेहतरीन संग्रह प्रदर्शित किए। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संध्या गुप्ता, प्रो. चांसलर दीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### आईवीआरआई की छात्रा दिवांशी ने वैश्विक सम्मेलन में जीता स्वर्ण

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईवीआरआई) की स्नातक छात्रा दिवांशी सैनी ने ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन वीमेन इन एग्री-फूड सिस्टम्स 2026 के दौरान आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वक्तृत्व प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली स्थित आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था।

### गोष्ठी में महिलाओं की सुरक्षा पर दिया बल

**भुता, अमृत विचार।** सीओ फरीदपुर ने थाना भुता के कुआंडांडा चौकी के पिंक बूथ पर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिए गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। सीओ संदीप सिंह,थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में महिला सुरक्षा विशेष दल के द्वारा कुआं डांडा पुलिस चौकी पर महिला सुरक्षा गोष्ठी कर महिलाओं की सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को साइबर सुरक्षा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर प्रेरित किया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार, उप निरीक्षक पूजा, महिला कांस्टेबल प्रीति प्रवेश देवी, आदि रहे।

# सुशासन व विकास पर किया मंथन

- प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में हुई संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें सुशासन, आधारभूत संरचना और समग्र विकास पर चर्चा की गई।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून व्यवस्था, शिक्षा, औद्योगिक विकास और सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि 9 वर्षों में प्रदेश ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने से व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। एक्सप्रेस-वे, परिवहन सुविधाओं और कनेक्टिविटी के विस्तार से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें

बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### छठे दिन मां कात्यायनी का पूजन किया

बरेली, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के छठवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी का पूजन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। दिन भर मंदिरों और घरों में माता रानी के भजन-कीर्तन होते रहे। घरों से उठ रही धूव और हवन सामग्री की खुशबू ने पूरे माहौल को श्रद्धा से भर दिया। सुभाष नगर की अवधपुरी कॉलोनी स्थित श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में मां कात्यायनी का पूजन किया गया। मंदिर में सुबह श्रद्धालुओं ने माता का श्रृंगार किया। दोपहर से सायंकाल तक मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। श्रीरामचरितमानस का संगीतमय नवान्ह पाठ किया गया।

### शिक्षक विधायक और एमएलसी का स्वागत

बरेली, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा विभाग में विषय विशेषज्ञ से शिक्षक बने कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलने पर खुशी का माहौल है। इस क्रम में मंगलवार को एसवी इंटर कॉलेज में आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो और एमएलसी महाराज सिंह का स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह और मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी अस्थाना ने कहा कि 22 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह सफलता मिली है, जिसके लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार है। मंडलीय मंत्री डॉ. ललित शर्मा, मंडलीय सचिव भुवनेश्वर चौहान, जिलाध्यक्ष संतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### नीमा विमेंस फोरम ने किया रक्तदान

बरेली, अमृत विचार : नीमा विमेंस फोरम की ओर से फतेहगंज पश्चिमी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएचसी खरका के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. संचित शर्मा और नीमा विमेंस फोरम स्टेट अध्यक्ष डॉ. नीलू मिश्रा ने किया। डॉ. संचित शर्मा, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. मंयक, राजीव शर्मा, राजेंद्र सिंह, पंकज, सौरव, राकेश सिंह, दीक्षा, शालिनी, डॉ. दीपाली शर्मा ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान करने से हमारा ब्लड सरकुलेशन, हीमोग्लोबिन मेंटेन और हृदय भी स्वस्थ रहता है। रक्त दान से कोई परेशानी नहीं होती। इसीलिए हमें 6 महीने के अंतराल पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। हमारा रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है।

### अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ पब्लिक स्कूल बरेली में अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत विद्यालय की गौरवशाली विरासत, दृष्टिकोण और शैक्षिक यात्रा के परिचय से हुई। विद्यालय संस्थापक एवं प्रतापगढ़ सांसद डॉ. एसपी सिंह के विद्यालय को लेकर विजन को रेखांकित किया गया। शिक्षकों ने शिक्षण की प्रस्तुतियां दीं जिससे अभिभावकों को शिक्षण पद्धति और पाठ्यक्रम की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। प्रधानाचार्य रवनीत सिंह नागी ने आभार जताया।

---

नवरात्र विशेषः पिता ने आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति पाई, मां एडीजी बरेली कार्यालय में तैनात, बेटी देवांशी यादव बनी मानवता की मिसाल

# शिक्षा के दीप जलाकर शहीद की लाड़ली ने बदल डाली सैकड़ों बेटियों की जिंदगी

संजय शर्मा, बरेली




- बरेली से युगांडा तक गरीब बच्चों के लिए काम कर रहीं देवांशी
- नर्सिंग, टाइपिंग और टेक्निकल कोर्स कराकर दे रहीं दिशा

अमृत विचार : आतंकियों से मोर्चा लेते शहीद हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी रामआसरे यादव की लाड़ली देवांशी ने सेवा-सरोकार के ऐसे अध्याय लिख डाले हैं कि उनकी गूंज देश बाहर भी सुनी जा रही है। उन्होंने सैकड़ों गरीब, बेसहारा बेटियों को न सिर्फ शिक्षित बनाने का काम किया, बल्कि उनके अंदर नर्सिंग, टाइपिंग जैसे कोर्स कराकर आत्मनिर्भरता का हुनर भी पैदा किया है। सेवा की राह पर वह जैसे-जैसे आगे जा रही हैं, अपने भारत से युगांडा तक उनकी ख्याति बढ़ती ही जा रही है।

देवांशी जब सिर्फ 9 माह की थीं, तब उनके पिता सीओ रामआसेर यादव ने उत्तराखंड के बाजपुर (उस समय यूपी) बाजपुर इलाके में आतंकियों से लड़ते हुए शहादत पाई थी। परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा था। पति की वीरगति के बाद देवांशी की मां संजू यादव ने पुलिस विभाग ज्वाइन किया, जो इस समय एडीजी जोन बरेली कार्यालय में ओएसडी के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बेटी देवांशी में बचपन से ही ऐसे संस्कारों की नींव रखी कि बड़ी होकर वह सेवा की राह चल पड़ी हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद देवांशी ने पिता की याद में संस्था बनाई और जरूरतमंद बेटियों की पढ़ाई का बीड़ा उठाया लिया।

देवांशी ने अपनी संस्था के जरिए लड़कियों को सिलाई-कढ़ाई सिखाना शुरू किया। उनको शिक्षित बनाने का काम भी करने लगीं। अभी तक वह 600 से ज्यादा बेटियों को टाईपिंग, कंप्यूटर कोर्स कराकर अपने पैरों पर खड़ी कर चुकी हैं। मौजूदा समय में 40 से अधिक बच्चे उनकी मदद से पढ़ाई कर रहे हैं। फीस, किताबें, ड्रेस आदि का खर्चा देवांशी खुद उठाती हैं। उन्होंने शारीरिक शोषण और घरेलू हिंसा की शिकार 200 से अधिक महिलाओं की काउंसलिंग कर उनके परिवार बिखरने से भी बचाए हैं। इसमें कई तो ऐसी महिलाएं थीं जो खराब हालात से परेशान होकर आत्मघाती तक कदम उठाने की सोच रही थीं। देवांशी ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि वह भी जब किसी गरीब बेसहारा बेटी को देखती हैं तो मदद में उनके हाथ खुद आगे बढ़ जाते हैं। मां के साथ दोस्त भी इसमें मदद करते हैं। इस काम हमेशा करते रहने की ठानी है।



युगांडा के इन बच्चों की मदद कर रही हैं बरेली की देवांशी यादव।

### युगांडा के बच्चों के लिए भी काम कर रहीं देवांशी

शहीद पुलिस अधिकारी की बेटी देवांशी युगांडा की एक संस्था के साथ मिलकर वहां के बच्चों के लिए भी शिक्षा एवं सहायता का काम रही है। युगांडा की रहने वाली सिरीन की पढ़ाई का खर्च वह कई साल से उठा रही हैं। सिरीन अब कक्षा पांच में है। और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। युगांडा में संचारी रोगों का साया रहता है। देवांशी इसे लेकर भी मदद करती रहती हैं।

### धर्मस्थल के पास मिली बच्ची को गोद लिया




देवांशी यादव ने कुछ साल पहले एक धर्मस्थल के पास मिली बच्ची को गोद लिया था। बच्ची अब सात बरस की हो चली है और स्कूल में पढ़ाई कर रही है। वह मासूम देवांशी के लिए जैसे खुशियों का संसार बन गई है। उन्हें वह मां बुलाती है। देवांशी की मां संजू यादव कहती हैं कि बेटी को जो संस्कार दिए, वो समाज के काम आ रहे हैं। दूसरों का दर्द उससे देखा नहीं जाता और तुरंत मदद में उतर जाती है। देवांशी उनका सौभाग्य है।

---

# पोस्टरों के जरिये दिया टीबी से बचाव का संदेश

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में मनाया वर्ल्ड टीबी डे, रोग के कारणों एवं रोकथाम पर की गई चर्चा, प्रतियोगिताएं भी आयोजित




विश्व टीबी दिवस पर हुए कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर समेत अन्य लोग।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को वर्ल्ड टीबी डे मनाया गया। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने टीबी के कारणों एवं रोकथाम से संबंधित विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढ़ाने वाले पोस्टर प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या वशिष्ठा, रिद्धि नैयाल, परी जैन, इशिका कंडारी एवं संस्कृति भोंवाल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान गौरी मिश्रा, हर्षिता यादव, उजेशा पांडेय, तनिष्का गंगवार एवं तृप्तलीन कौर को मिला, जबकि तृतीय स्थान गौरी शर्मा, इशिता चौधरी, कनिष्क चौबे, डी. कार्तिक एवं अभिजीत राजपूत ने प्राप्त किया। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया "टीबी मुक्त भारत अभियान 2026" देश में टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वर्ष 2018 में प्रारंभ इस कार्यक्रम में वर्ष 2026 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित एवं सहयोगात्मक प्रयासों पर विशेष बल दिया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. वेद प्रकाश विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी ने विद्यार्थियों को क्षय रोग के प्रति अधिक जागरूक व संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. स्वाति खान, डॉ. मोहम्मद जावेद खान व डॉ. सौम्या अग्रवाल शामिल रहे। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ, डॉ. रोहित पालता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे। संचालन में स्वर्णावो सेन, शिवम त्रिवेदी, संस्कार चौरसिया, देबाशीष चक्रवर्ती, आयुष कुमार सिंह, अविषी दूबे, कनक तिवारी, अंशुल चहल व नैवेद्य शुक्ला शामिल रहे। आयोजन में डॉ. रश्मि कत्याल और डॉ. इरम शैफाली का सहयोग रहा।

### उपचार से ठीक हो जाता है क्षय रोग: रजनीश

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सहप्राध्यापक रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो फेफड़ों को प्रभावित करता है। खांसी में खून आना, बुखार, वजन घटना, रात में पसीना आना आदि लक्षण हैं। यह एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से हवा के माध्यम से फैलता है। उन्होंने बताया कि नियमित एवं पूर्ण उपचार से क्षय रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चंद्रपुर बिचपुरी गांव में रैली निकालकर क्षय रोग के प्रति जागरूक किया। जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ लता अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि क्षय रोग जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही इसके नियंत्रण का सबसे प्रभावी उपाय है। फार्मेसी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। आयोजन में सहायक प्राध्यापक प्रशांत कुमार शर्मा का सहयोग रहा। इस दौरान फार्मेसी संकाय के सभी प्राध्यापक एवं अधिकारी मौजूद रहे।



विश्व टीबी रोग दिवस के अवसर जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्र।

### कठपुतली के माध्यम से टीबी के बारे में किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच और उचित इलाज से रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है

अमृत विचारः बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखण्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को विश्व ट्यूबरकुलोसिस (क्षय) दिवस-2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने कठपुतली के माध्यम से टीबी रोग के प्रति सभी को जागरूक किया और रोग से बचने और उसके उपाय बताये। कार्यक्रम की आयोजनकर्ता नर्सिंग ट्यूटर बाई सोनिया देवी ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन समय पर जांच और उचित इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। सहयोगी के रूप में रोमा सिंह, नर्सिंग ट्यूटर उपस्थित रहीं। संचालन नर्सिंग ट्यूटर वैभव सिंह ने किया। अध्यक्षता उप-प्रधानाचार्या डॉ अनीता पी मार्टिन, प्रोफेसर डॉ वेल्लादुरई नारानन एवं, प्रोफेसर डॉ एस लिन्थोईगाम्बी देवी ने की।



क्षय दिवस पर हुए जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर एवं छात्र। ● अमृत विचार

### क्षय रोग के लक्षण और उपचार की जानकारी दी



विश्व टीबी दिवस पर लोगों को जागरूक करते डॉक्टर और उनकी टीम।

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अंतर्गत संचालित अर्बन हेल्थ एंड ट्रेनिंग सेंटर रामपुर गार्डन में विश्व टीबी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रोग के लक्षण व बचाव के बारे में बताया गया।

डॉ अनु शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी ने टीबी (क्षय रोग) के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि लगातार खांसी आना, वजन कम होना, बुखार और रात में पसीना आना टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। बताया कि सरकार की ओर से टीबी की जांच और इलाज की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। ये भी बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत क्षय रोग से मुक्त हो। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि लक्षण नजर आते हैं डाक्टर से सलाह लेकर समय से जाचं और इलाज कराया जाए तो रोग से पूरी तरह मुक्त हुआ जा सकता है। अमित कुमार, जेबा, कविता सिंह मौजूद रहीं।

---

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सौ दिवसीय टीबी अभियान का शुभारंभ, टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया

अमृत विचार : विश्व क्षय रोग दिवस पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के शुभारंभ के मौके पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

डीएम अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने गोद लिए गए टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया। साथ ही टीबी मुक्त 47 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार चाहती है कि भारत टीबी मुक्त राष्ट्र बने। उन्होंने बताया कि टीबी शतप्रतिशत ठीक होने वाली बीमारी है। डीएम ने कहा कि पहले टीबी महामारी के रूप में जानी जाती थी, लेकिन अब इस पर बहुत हद तक नियंत्रण पा लिया गया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में जोखिम वाली जनसंख्या के आधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी। जांच में टीबी की पुष्टि होने पर क्षय निरोधी औषधि दी जाएगी। बता दें कि में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान का वर्चुअल रूप से शुभारंभ केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने किया। जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रधान आदि मौजूद रहे।




टीबी रोगियों को पोषण पोटली देते डीएम अविनाश सिंह व विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा।




### गैस की कमी के बावजूद निशुल्क बांट रहे भोजन

बरेली, अमृत विचारः नवरात्रि पर सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से निशुल्क भोजन वितरण शिविर लगाया गया। गैस की किल्लत के बावजूद संस्था ने कार्यक्रम को निरस्त नहीं किया। मिट्टी के चूल्हे पर प्रसाद तैयार कर राहगीरों, जरूरतमंदों व श्रमिकों को बांटा। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने कहा कि ये सेवा कार्य किसी बाधा से नहीं रुकते। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने नवरात्रि को सेवा और शक्ति का पर्व बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ चने का भोग लगाकर और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सिटी डायरी

### डा.ललित सिंह को शिकागो में मिली एफसीसीएम फैलोशिप



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कालेज के रेस्पिरेटरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. ललित सिंह को अमेरिका के शिकागो शहर में सोमवार को सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के 55वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकन कालेज आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन ने अपने प्रतिष्ठित फैलोशिप एफसीसीएम से सम्मानित किया। पूर्व में भी कई फैलोशिप एवं अन्य सम्मान हासिल करने वाले डा .ललित सिंह कहते हैं कि इसका श्रेय परिवार, गुरुजनों एवं मित्रों के साथ- साथ उन सभी मरीजों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और विश्वास से आज यह उपलब्धि हासिल कर सका। कहा कि वह भविष्य में क्रिटिकल केयर की उन्नति, उत्कृष्टता और मरीजों के उपचार को बेहतर बनाने एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्सकों को क्रिटिकल केयर में प्रशिक्षित करने की दिशा में विशेष रूप से कार्य करेंगे।

### आईडीए कैंट क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज, रोमांचक मुकाबले हुए



बरेली, अमृत विचार : आईडीए कैंट की ओर से आयोजित आईडीएसीसीपीएल (क्रिकेट प्रीमियर लीग) का आगाज सोमवार को एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान पर हुआ। मुख्य अतिथि आईएमए उत्तर प्रदेश के प्रेसिडेंट-इलेक्ट डॉ. रवीश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि शिवेंद्र चौहान ने लीग की शुरुआत की। डॉ. रवीश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी समन्वय और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता में आईडीए और आईएमए के चिकित्सकों की चार टीमें भाग ले रही हैं। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि फ्लडलाइट की रोशनी में मैच खेले जा रहे हैं। पहले दिन बरेली रॉयल ने निर्धारित ओवरों में 175 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी रश्मि गोयल हॉस्पिटल की टीम 145 रनों पर सिमट गई। डॉ. महेश त्रिपाठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे।

### माता रानी के भजनों से भावविभोर हो गए श्रद्धालु



बरेली, अमृत विचार : नवरात्र पर नॉर्थ एक्सटेंशन कॉलोनी में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। चंपा पंत, कंचन पांडे, सालिनी गोस्वामी, नमिता जौहरी, आशा, आरती दुबे, मंजू सिंह, पुष्प लता, रतन माथुर, क्षमा महोत्रा और जूही गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने माता रानी के भजन गाए। इससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने माता रानी की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।